राजस्थान सरकार

कार्मिक(ख–3,सुरक्षा)विभाग

क्रमांकःप.4(13)कार्मिक/ख–3/सुरक्षा/2005 जयपुर,दिनांकः 26 अप्रेल, 2007

प रि प त्र

शासन सचिवालय परिसर में सहदेव मार्ग पर नव निर्मित स्वागत–कक्ष को दिनांक 30 अप्रेल, 2007 (सोमवार) प्रातःकाल से ही उपयोग हेतु खोला जा रहा है, और इसी के साथ पूर्वी मुख्य द्वार पर स्थित स्वागत–कक्ष को बन्द किया जा रहा है।

उक्त नव निर्मित स्वागत–कक्ष प्रारम्भ होने के साथ ही सचिवालय परिसर में आगन्तुकगण तथा पैदल एवं दो पहिया वाहनों से आने वाले सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण का सचिवालय परिसर में प्रवेश एवं निकास उक्त स्वागत–कक्ष के रास्ते सहदेव मार्ग स्थित प्रवेश–द्वार से ही होगा। सहदेव मार्ग स्थित उक्त प्रवेश द्वार के अतिरिक्त सचिवालय परिसर का अन्य कोई भी प्रवेश–द्वार आगन्तुकों के लिये तथा पैदल आने वाले अधिकारीगण/कर्मचारीगण के लिये प्रवेश एवं निकास हेतु उपलब्ध नहीं रहेंगे। अतः सभी से अनुरोध है कि कृपया दिनांक 30–04–2007 से उपरोक्तानुसार ही सचिवालय परिसर में प्रवेश/निकास करें।

नव निर्मित स्वागत–कक्ष में दूरभाष सुविधा हेतु पूर्व के नम्बर यथावत रहेंगे।

सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न भवनों के कमरों की चाबियाँ नव निर्मित स्वागत–कक्ष में स्थापित किये जाने वाले की–बोर्ड (control room) में ही जमा की जायेंगी।

सभी श्रेणी के आगन्तुकगण के लिये दैनिक/साविधिक प्रवेश–पत्र भी नव निर्मित स्वागत–कक्ष से ही बनाये जायेंगे।

अतः परिसर में पदस्थापित अधिकारीगण/कर्मचारीगण एवं सचिवालय में आने वाले सभी श्रेणी के आगन्तुकगण से निवेदन है कि सचिवालय परिसर में प्रवेश एवं निकास हेतु सहदेव मार्ग स्थिति प्रवेश–द्वार एवं स्वागत–कक्ष का ही उपयोग कर व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।

शासन उप सचिव
कार्मिक (ख) विभाग

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री महो.,राजस्थान, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक / निजी सचिव, समस्त मा. मंत्रीगण एवं राज्यमंत्रीगण।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, समस्त अति0 मुख्य सचिव / प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव, राजस्थान जयपुर।
5. समस्त विशिष्ठ शासन सचिव / शासन उप सचिव / विशेषाधिकारी।
6. निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, जयपुर को समस्त दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ।
7. समस्त सहायक शासन सचिव / अनुभागाधिकारी।
8. सचिवालय परिसर स्थित सभी अधिकारी/कर्मचारी संघों के अध्यक्षगण।
9. समस्त अनुभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
10. सचिवालय परिसर स्थित समस्त विभागाध्यक्ष।
11. नोटिस बोर्ड।

सहायक शासन सचिव